aglasem.com

FOR PUNJAB CLASS 10 PREPARATION

PSEB 10th Sample Paper 2027 Hindi

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Punjab Class 10	2027	Sample Paper	Hindi

सत्र 2026-27

मॉडल टेस्ट पेपर

कक्षा - 10वीं

समय : 3 घंटे | विषय : हिंदी | कुल अंक 80

भाग - क

प्रश्न-1. (I) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनें- (5x1=5)

(i) ' संगीताचार्य ' शब्द का सही सन्धि-विच्छेद विकल्प चुनकर लिखिए :

(क) संगीता + चार्य (ख) संगीत + आचार्य (ग) संगी + ताचार्य (घ) संगीताचा+र्य

(ii) 'कार्यकुशल' समस्त पद का सही समास विग्रह चुनिए:

(क) कार्य से कुशल (ख) कार्य द्वारा कुशल (ग) कार्य में कुशल (घ) कार्य के लिए कुशल

(iii) 'स्वस्थ ' शब्द की सही भाववाचक संज्ञा चुनिए:

(क) स्वास्थ्य (ख) स्वास्थ (ग) स्वास्थ्यता (घ) सवास्थ

(iv) 'सागर' शब्द का सही पर्यायवाची विकल्प चुनकर लिखिए -

(क) अंबर (ख) जलधि (ग) जलद (घ) नीरज

(v) 'सप्ताह' शब्द का सही विशेषण विकल्प चुनकर लिखिए :

(क) साप्ताहिक (ख) सपताहिक (ग) सप्ताहिक (घ) सापताहिक

(II) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनें- (4×1=4)

(i) राम भक्ति के लिए गोस्वामी तुलसीदास किसकी आवश्यकता बताते हैं ? तुलसीदास (दोहावली) पाठ के आधार पर उत्तर दें :

(क) मन्दिर की आवश्यकता बताते हैं (ख) राम की मूर्ति की आवश्यकता बताते हैं

(ग)राम पर विश्वासपूर्वक भक्ति करने की (घ) राम पर अविश्वासपूर्वक भक्ति करने की

(ii) श्री कृष्ण ने कौन सा पर्वत धारण किया था ? मीराबाई (पदावली) पाठ के आधार पर उत्तर दें :

(क) हिमालय पर्वत (ख) कैलाश पर्वत (ग) अरावली पर्वत (घ) गोवर्धन पर्वत

(iii) अरुणा स्वयं सेवकों के दल के साथ बाढ़ पीड़ितों की सहायता करके कितने दिनों बाद लौटी ? 'दो कलाकार ' कहानी के आधार पर उत्तर दें :

(क) एक महीने बाद (ख) दस दिन बाद (ग) एक सप्ताह बाद (घ) पंद्रह दिन बाद

(iv) दिवाकर चुपचाप क्यों बैठा था ? 'अहसास' पाठ के आधार पर उत्तर दें :

(क) उसे नींद आ रही थी। (ख) उसका मन उदास था।

(ग) उसके पैर में दर्द था। (घ) उसे घर की याद आ रही थी।

(III)' सावन हरे न भादों सूखे' लोकोक्ति का सही अर्थ क्या है? सही विकल्प चुनें- (1×1=1)

(क) हरियाली के मौसम में सूखा पड़ जाना (ख) पतझड़ के मौसम में खुश रहना

(ग) हमेशा एक समान स्थिति में रहना (घ) सावन भादों मौसम का आनंद लेना

(IV) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। (5 x 1 = 5)

(i) समरूपी भिन्नार्थक शब्द निश्चल-निश्छल' में 'निश्चल' का अर्थ .....है और 'निश्छल' का अर्थ ..... है। सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें।

(ii) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के निम्नलिखित में से सही शब्द के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए–

ईश्वर में विश्वास न रखने वाला	(क) आस्तिक
	(ख) नास्तिक
	(ग) स्वास्तिक

(iii) 'दुरुपयोग' शब्द का विलोम (विपरीत) शब्द.....है।सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें।

(iv) निम्नलिखित विकल्पों में से 'कर' शब्द के अनेकार्थी (अनेकार्थक) शब्द का सही विकल्प के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए।

कर	(क) हाथ, टैक्स, सूँड
	(ख) कान, पैर, किरण
	(ग) मुख, बाल, चमक

(v) 'वह विलाप करके रोने लगी ।' पिता जी अफ़सर लगे हुए हैं ' इस अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए।

(V) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (5×1=5)

एक बार स्वामी विवेकानन्द अमेरिका में भ्रमण कर रहे थे। एक दिन वह कहीं जा रहे थे कि रास्ते में उन्हें एक पुल दिखाई दिया। उस पुल के नीचे से एक नदी बह रही थी। उन्होंने देखा कि कुछ बच्चे नदी के किनारे खेल रहे थे। वे बच्चे एक पक्षी पर निशाना लगाने की कोशिश कर रहे थे, पर उनका निशाना बार-बार चूक रहा था। स्वामी विवेकानन्द यह दृश्य कुछ देर तक देखते रहे। बच्चों की असफलता देखकर उन्हें लगा कि उन्हें इन बच्चों की मदद करनी चाहिए। स्वामी जी ने बच्चों से कहा, "लाओ, मैं कोशिश करता हूँ।"उन्होंने बच्चों से तीर-कमान लिया और एक ही बार में पक्षी पर सटीक निशाना लगा दिया। बच्चों को बहुत आश्चर्य हुआ। उन्होंने स्वामी जी से पूछा, "आपने इतनी आसानी से निशाना कैसे लगा लिया? हम तो बहुत देर से कोशिश कर रहे थे।" स्वामी विवेकानन्द ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "यह एकाग्रता का कमाल है।जब तुम निशाना लगा रहे थे, तब तुम्हारा ध्यान केवल पक्षी पर नहीं था। तुम नदी, पुल और आस-पास की चीज़ों पर भी ध्यान दे रहे थे। यदि तुम अपना सारा ध्यान केवल अपने लक्ष्य पर केंद्रित कर देते, तो तुम्हारा निशाना नहीं चूकता।" बच्चों ने स्वामी जी की बात गाँठ बाँध ली और भविष्य में हमेशा एकाग्रता से काम करने का निश्चय किया।

(क) बच्चों का निशाना बार-बार क्यों चूक रहा था?

(ख) स्वामी जी ने एक ही बार में निशाना कैसे लगा दिया?

(ग) स्वामी जी के अनुसार, सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है?

(घ) 'एकाग्रता' शब्द का क्या अर्थ है?

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखें।

भाग-ख

प्रश्न-2. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें– (4×1=4)

मधुर वचन से जात मिट उत्तम जन अभिमान
तनिक सीत जल सों मिटे जैसे दूध उफान ।।

अथवा

हँसमुख प्रसून सिखलाते
पल भर है जो हँस पाओ,
अपने उर की सौरभ से
जग का आँगन भर जाओ।

प्रश्न-3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें- (6×1=6)

(i) चौसा युद्ध किन-किन के मध्य हुआ? 'ममता' कहानी के आधार पर लिखें।

(ii) तेजा सिंह कौन था ? 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के आधार पर लिखें।

(iii) नीति-विशारद अकबर मन बहलाने के लिए किसकी ओर देखता था ?'मित्रता' निबंध के आधार पर लिखें।

(iv) बूढ़े किसान ने कमाल पाशा को क्या उपहार दिया ? 'मैं और मेरा देश' निबंध के आधार पर लिखें।

(v) बेला का मायका किस शहर में था ? 'सूखी डाली' एकांकी के आधार पर लिखें।

(vi) जयदेव बाघा बॉर्डर पर किस पद पर नियुक्त था ? ' देश के दुश्मन ' एकांकी के आधार पर लिखें।

प्रश्न-4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दें- (4×2=8)

i. बस उस 'खास' के अहसास की ज़रूरत है । लेखिका ने 'अहसास' पाठ में दिवाकर में किस 'खास' की बात की है ? स्पष्ट करें।

ii. 'माँ का कमरा' लघुकथा का उद्देश्य क्या है ?

iii. राजा ने भ्रष्टाचार की तुलना ईश्वर से क्यों की? 'सदाचार का तावीज़' निबंध के आधार पर लिखें।

iv. लेखक ने बैजनाथ पहुँचकर हिमालय से किस रूप में भेंट की? 'ठेले पर हिमालय' निबंध के आधार पर लिखें।

v. जयदेव इनाम में मिलने वाली राशि के विषय में क्या घोषणा करवाना चाहता है? 'देश के दुश्मन' एकांकी के आधार पर लिखें।

प्रश्न-5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर छह या सात पंक्तियों में दें- (3×4=12)

(i) 'ममता' कहानी के आधार पर ममता का चरित्र -चित्रण कीजिए।

(ii) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के आधार पर मनोहर सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(iii) जिस समय गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ, उस समय भारतीय समाज की क्या स्थिति थी? 'श्री गुरु नानक देव' निबंध के आधार पर उत्तर दीजिए।

(iv) 'सदाचार का तावीज़' निबंध प्रशासनिक भ्रष्टाचार, व्यवस्थागत कमियों और इंसानी स्वभाव पर एक करारा व्यंग्य है, स्पष्ट कीजिए।

(v) " और मैं सोचता था कि अब बहू आ गई है तो इंदु का दहेज तैयार करने में सहायता देगी।" 'सूखी डाली' एकांकी में दादा जी के इस कथन से उनके चरित्र की कौन सी कमी नज़र आती है ? स्पष्ट कीजिए।

भाग-ग

प्रश्न-6. निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें- (4×1=4)

ਕੁਦਰਤ ਵਲੋਂ ਸਾਨੂੰ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਰਖ਼ਤ, ਹਰਿਆਲੀ, ਠੰਡੀਆਂ ਹਵਾਵਾਂ, ਰੰਗ-ਬਿਰੰਗੇ ਫੁੱਲ, ਅਨੇਕ ਕਿਸਮਾਂ ਦੇ ਫਲ, ਪਵਿੱਤਰ ਜਲ, ਸੁਹਾਵਣੇ ਜੰਗਲ, ਪਸ਼ੂ-ਪੰਛੀ ਰੂਪੀ ਅਨੋਖੀ ਦੌਲਤ ਮਿਲ਼ੀ ਹੈ। ਪਰ ਮਨੁੱਖ ਇਸ ਕੁਦਰਤੀ ਦੌਲਤ ਨੂੰ ਹੀ ਨੁਕਸਾਨ ਪਹੁੰਚਾ ਰਿਹਾ ਹੈ।

भाग-घ

प्रश्न-7. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए: (4×1= 4)

आपका नाम संदीप कुमार है। आप सरकारी हाई स्कूल, नवाँशहर में पढ़ते हैं। आप अपने स्कूल के छात्र-संघ के सचिव हैं। आपके स्कूल में दिनांक 14 नवम्बर, 2025 को ट्रैफिक पुलिस अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को सड़क पर चलने के नियमों की जानकारी दी गई तथा इस संबंधी पढ़ने की सामग्री भी दी गई। इस आधार प्रतिवेदन लिखिए।

अथवा

आपका नाम अमिताभ है। आपका सेक्टर 17 चंडीगढ़ में बहुत बड़ा पाँच सितारा होटल है। आप इसे बेचना चाहते हैं । आपका मोबाइल नम्बर 1354456695 है। आपको अपने होटल के लिए एक मैनेजर की आवश्यकता है। वर्गीकृत विज्ञापन के अंतर्गत 'मैनेजर की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

भाग- ङ

प्रश्न-8. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन मुहावरों/लोकोक्तियों को वाक्यों में इस तरह प्रयोग करें कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए: (3×1= 3)

गले का हार, पीठ दिखाना, सीधी उंगली से घी नहीं निकलता, का वर्षा जब कृषि सुखाने

भाग- च

प्रश्न-9. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए- (7×1 = 7)

आपका नाम वंदना शर्मा है। आप टैगोर निकेतन स्कूल, समाना में दसवीं कक्षा में पढ़ती हैं। अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को स्कूल में अधिक से अधिक खेलों का सामान मँगवाने के लिए अनुरोध करते हुए आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

आपका नाम सुरजीत सिंह है। आप प्रताप नगर, बठिंडा में रहते हैं। अपनी ओर से 'दैनिक भास्कर' समाचार पत्र के मुख्य संपादक के नाम सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के सुझावों के संबंध में एक पत्र लिखें।

प्रश्न-10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: **(7×1=7)**

(i) विद्यार्थी और अनुशासन (ii) जीवन में परिश्रम का महत्व (iii) गाँव का खेल मेला

प्रश्न-11. निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर पुस्तिका पर निर्देशानुसार उतारकर भरें: **(5×1=5)**

(i) **मान लें कि आपका नाम विकास कुमार है। आपका भारतीय डाक के सेक्टर-19, जालंधर में एक बचत खाता है, जिसका नंबर 2673455623 है। आपको अपने इस खाते में से दिनांक 24.03.2027 को 3,200 रुपए निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरिए-**

रुपए निकलवाने का फार्म (जमाकर्ता द्वारा भरा जाए)

डाकघर का नाम : सेक्टर-19, जालंधर

बचत बैंक आहरण प्रपत्र

दिनांक :----------

बचत खाता नम्बर ----------

कृपया मुझे----------रु.(रुपए अंकों में)----------(रुपए शब्दों में) का भुगतान करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर----------

अथवा

मान लीजिए आपका नाम रमेश कुमार है। आपका पता है- 2672, नानक नगर, अमृतसर है। आपको गाड़ी संख्या 14524, शताब्दी एक्सप्रेस से दिनांक 20.06.2027 को अमृतसर से मुम्बई तक यात्रा करनी है। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें :

गाड़ी संख्या और नामः 14524, शताब्दी एक्सप्रेस

यात्रा की तारीखः----------

यात्रा आरंभ करने का स्टेशनः----------से----------स्टेशन तक आरक्षण

नाम व पता ----------

आवेदक के हस्ताक्षरः----------